1. A, B तथा C ने एक व्यापार में क्रमशः ₹ 80,000, ₹ 40,000 तथा ₹ 80,000 निवेश किए । छह मास के बाद A चला गया । यदि आठ मास के बाद कुल लाभ ₹ 40,050 हुआ, तो लाभ में B का भाग कितना है ?

(1) ₹ 5,000

(2) ₹ 9,000

(3) ₹ 8,000

(4) ₹ 8,900

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

2. एक बर्तन में 40 लिटर दूध है । इसमें से 4 लिटर दूध निकाल कर उसकी जगह 4 लिटर पानी डाल दिया गया । ऐसा ही कार्य दो बार और किया गया । अब बर्तन में कितना दूध रह गया ?

(1) 28 लिटर

(2) 29·16 लिटर

(3) 26·34 लिटर

(4) 27·36 लिटर

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

3. A, B से 30% अधिक कुशल है । दोनों एक साथ काम करते हुए, एक कार्य को पूरा करने में कितना समय लेंगे, जबकि A अकेला उस कार्य को 23 दिन में पूरा कर सकता है ?

(1) $20\frac{3}{17}$ दिन

(2) 15 दिन

(3) 11 दिन

(4) 13 दिन

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

1. A, B and C invested ₹ 80,000, ₹ 40,000 and ₹ 80,000 respectively in a business. A left after six months. If total profit after eight months is ₹ 40,050, then what is the share of B in the profit ?

(1) ₹ 5,000

(2) ₹ 9,000

(3) ₹ 8,000

(4) ₹ 8,900

(5) Not attempted

2. A container contains 40 litres of milk. From this container 4 litres of milk was taken out and replaced by 4 litres of water. This process was repeated further two times. How much milk is left in the container ?

(1) 28 litres

(2) 29·16 litres

(3) 26·34 litres

(4) 27·36 litres

(5) Not attempted

3. A is 30% more efficient than B. How much time will they, working together, take to complete a job which A alone could have done in 23 days ?

(1) $20\frac{3}{17}$ days

(2) 15 days

(3) 11 days

(4) 13 days

(5) Not attempted

रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK



www.mseducationtv.com

4. छः घंटियाँ एक साथ बजती हैं और बाद में क्रमशः 2 सेकण्ड, 4 सेकण्ड, 6 सेकण्ड, 8 सेकण्ड, 10 सेकण्ड तथा 12 सेकण्ड के अन्तराल से बजती हैं । 30 मिनट में ये छः घंटियाँ एक साथ कितनी बार बजेंगी ?

(1) 15
(2) 16
(3) 4
(4) 10
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

4. Six bells commence tolling together and toll at intervals of 2, 4, 6, 8, 10 and 12 seconds respectively. In 30 minutes, how many times do these six bells toll together ?

(1) 15
(2) 16
(3) 4
(4) 10
(5) Not attempted

5. दो अभाज्य संख्याओं x और y (x > y) का LCM, 161 है । (3y – x) का मान है :

(1) 1
(2) 2
(3) – 2
(4) – 1
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

5. LCM of two prime numbers x and y (x > y) is 161. The value of (3y – x) is

(1) 1
(2) 2
(3) – 2
(4) – 1
(5) Not attempted

6. यदि $m = -4$ तथा $n = -2$ हैं, तो $m^3 - 3m^2 + 3m + 3n + 3n^2 + n^3$ का मान होगा

(1) – 126
(2) – 128
(3) – 120
(4) – 124
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

6. If $m = -4$ and $n = -2$, then the value of $m^3 - 3m^2 + 3m + 3n + 3n^2 + n^3$ is :

(1) – 126
(2) – 128
(3) – 120
(4) – 124
(5) Not attempted

7. यदि $\frac{1}{3{\cdot}718} = 0{\cdot}2689$ है, तो $\frac{1}{0{\cdot}0003718}$ का मान है :

(1) 26890
(2) 0·2689
(3) 2689
(4) 2·689
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

7. If $\frac{1}{3{\cdot}718} = 0{\cdot}2689$, then the value of $\frac{1}{0{\cdot}0003718}$ is :

(1) 26890
(2) 0·2689
(3) 2689
(4) 2·689
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

8. धनराशि जो 3 वर्षों में $6\frac{1}{4}$% प्रति वर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर, जबकि ब्याज-संयोजन वार्षिक है, ₹ 4,913 बन जाती है, है :

(1) ₹ 4,085

(2) ₹ 4,096

(3) ₹ 3,096

(4) ₹ 4,076

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

9. एक धनराशि को किसी साधारण ब्याज की दर पर 3 वर्ष के लिए निवेश किया गया । यदि इस धनराशि को, उसी समय के लिए 1% अधिक साधारण ब्याज की दर पर निवेश किया जाता, तो यह धनराशि ₹ 5,100 अधिक अर्जित करती । यह धनराशि है :

(1) ₹ 1,50,000

(2) ₹ 1,70,000

(3) ₹ 1,20,000

(4) ₹ 1,25,000

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

10. एक समकोण त्रिभुज की एक भुजा की लंबाई, दूसरी भुजा की लंबाई की दुगुनी है तथा कर्ण की लंबाई 10 सेमी है । त्रिभुज का क्षेत्रफल है :

(1) 40 वर्ग सेमी

(2) 50 वर्ग सेमी

(3) 20 वर्ग सेमी

(4) $33\frac{1}{3}$ वर्ग सेमी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

11. किसी दूरी को तय करते समय A तथा B की चालों में 3 : 4 का अनुपात है । A को गंतव्य स्थान पर पहुँचने के लिए B से 30 मिनट अधिक लगे । A को गंतव्य स्थान पर पहुँचने में लगा समय है :

(1) 2 घंटे

(2) $2\frac{1}{2}$ घंटे

(3) 1 घंटा

(4) $1\frac{1}{2}$ घंटे

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

8. The principal that amounts to ₹ 4,913 in 3 years at $6\frac{1}{4}$% per annum compound interest compounded annually is :

(1) ₹ 4,085

(2) ₹ 4,096

(3) ₹ 3,096

(4) ₹ 4,076

(5) Not attempted

9. A sum was invested at simple interest at a certain rate for 3 years. Had it been invested at 1% higher rate of simple interest for the same time, it would have fetched ₹ 5,100 more. The sum is :

(1) ₹ 1,50,000

(2) ₹ 1,70,000

(3) ₹ 1,20,000

(4) ₹ 1,25,000

(5) Not attempted

10. The length of one side of a right-angled triangle is twice the length of the other side and the length of hypotenuse is 10 cm. The area of the triangle is :

(1) 40 $cm^2$

(2) 50 $cm^2$

(3) 20 $cm^2$

(4) $33\frac{1}{3}$ $cm^2$

(5) Not attempted

11. In covering a certain distance, the speeds of A and B are in the ratio 3 : 4. A takes 30 minutes more than B to reach the destination. The time taken by A to reach the destination is :

(1) 2 hours

(2) $2\frac{1}{2}$ hours

(3) 1 hour

(4) $1\frac{1}{2}$ hours

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

12. एक 80 लिटर मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 7 : 3 है । इस मिश्रण में कितना पानी (लिटर में) डाला जाए जिससे मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 2 : 1 हो जाए ?

(1) 6
(2) 8
(3) 4
(4) 5
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

13. एक आयताकार कमरे के फर्श की विमाएँ, 4 मी. बढ़ाने पर 4 : 3 के अनुपात में और 4 मी. घटाने पर 2 : 1 के अनुपात में हो जाती हैं । कमरे के फर्श की विमाएँ क्या हैं ?

(1) 18 मी. × 22 मी.
(2) 18 मी. × 24 मी.
(3) 12 मी. × 8 मी.
(4) 16 मी. × 12 मी.
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

14. यदि $\sqrt{2} = 1{\cdot}4142$ है, तो $\sqrt{\dfrac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}}$ बराबर है :

(1) 0·4142
(2) 0·3652
(3) 0·732
(4) 1·3142
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

15. यदि a, b, c का औसत M तथा ab + bc + ca = 0 है, तो $a^2, b^2, c^2$ का औसत है :

(1) $6M^2$
(2) $9M^2$
(3) $M^2$
(4) $3M^2$
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

12. The ratio of milk to water in 80 litres of a mixture is 7 : 3. The water (in litres) to be added to it to make the ratio of milk to water 2 : 1 is

(1) 6
(2) 8
(3) 4
(4) 5
(5) Not attempted

13. The dimensions of a rectangular floor of a room when increased by 4 metres become in the ratio 4 : 3 and when decreased by 4 metres become in the ratio 2 : 1. What are the dimensions of the floor of the room ?

(1) 18 m × 22 m
(2) 18 m × 24 m
(3) 12 m × 8 m
(4) 16 m × 12 m
(5) Not attempted

14. If $\sqrt{2} = 1{\cdot}4142$, then $\sqrt{\dfrac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}}$ is equal to

(1) 0·4142
(2) 0·3652
(3) 0·732
(4) 1·3142
(5) Not attempted

15. If the average of a, b, c is M and ab + bc + ca = 0, then the average of $a^2, b^2, c^2$ is

(1) $6M^2$
(2) $9M^2$
(3) $M^2$
(4) $3M^2$
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

16. यौगिक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) यह घटक पदार्थों के गुणधर्मों को दर्शाता है ।

(b) प्रत्येक नए पदार्थ का संघटन सदैव स्थायी होता है ।

(c) घटकों को केवल रासायनिक या वैद्युत-रासायनिक अभिक्रियाओं द्वारा ही पृथक किया जा सकता है ।

नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (b) तथा (c)

(2) केवल (a)

(3) (a) तथा (b)

(4) (a) तथा (c)

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

16. Which of the following statements is/are correct about compounds ?

(a) It shows the properties of the constituent substances.

(b) The composition of each new substance is always fixed.

(c) The constituents can be separated only by chemical or electrochemical reactions.

Choose the correct option from the codes given below :

(1) (b) and (c)

(2) Only (a)

(3) (a) and (b)

(4) (a) and (c)

(5) Not attempted

17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन कोलॉइडी विलयन के गुणधर्मों के विषय में सही है/हैं ?

(a) कोलॉइड एक विषमांगी मिश्रण है ।

(b) जब कोलॉइड को शांत छोड़ दिया जाता है तब विलेय कण तल पर बैठते हैं अर्थात् कोलॉइड अस्थायी होते हैं ।

(c) कोलॉइड इतने बड़े होते हैं कि प्रकाश की किरण को प्रकीर्ण करते हैं तथा उसके मार्ग को दृश्य बनाते हैं ।

नीचे दिए गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (b) तथा (c)

(2) केवल (a)

(3) (a) तथा (b)

(4) (a) तथा (c)

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

17. Which of the following statements is/are correct about the properties of a Colloidal Solution ?

(a) A colloid is a heterogeneous mixture.

(b) The solute particles settle down when colloids are left undisturbed, hence, colloids are unstable.

(c) Colloids are big enough to scatter a beam of light passing through it and make its path visible.

Choose the correct option from the codes given below :

(1) (b) and (c)

(2) Only (a)

(3) (a) and (b)

(4) (a) and (c)

(5) Not attempted

18. 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में फ़ीचर फिल्म श्रेणी में किस फिल्म को 'सामाजिक मुद्दों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म' घोषित किया गया ?

(1) तैलेडांडा (बिहेडिंग अ लाइफ) (कन्नड़)

(2) नाट्यम (नृत्य) (तेलुगू)

(3) मंडेला (तमिल)

(4) फ्यूनरल (मराठी)

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

18. Which film won the 'Best Film on Social Issues' Award in the 68th National Film Awards under the feature films category ?

(1) Taledanda (Beheading a Life) (Kannada)

(2) Natyam (Dance) (Telugu)

(3) Mandela (Tamil)

(4) Funeral (Marathi)

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

19. 'जनांकिकीय संक्रमण', एक अवधारणा जिसे फ्रैंक नोटेस्टीन ने 1945 में विकसित किया था, आर्थिक विकास तथा ______ के संबंधों की व्याख्या करती है ।

(1) महामारी में जीवन की हानि

(2) कार्टोग्राफिक सीमाएँ

(3) सामाजिक अपराध दर

(4) जन्म तथा मृत्यु दर

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

19. 'Demographic Transition', a concept developed by Frank Notestein in 1945, described the relationship between economic development and ______.

(1) Loss of lives in epidemics

(2) Cartographic boundaries

(3) Social crime rate

(4) Death and Birth rate

(5) Not attempted

20. सामान्यतया निम्नलिखित में से किसे भूमंडलीकरण का परिणाम ***नहीं*** माना जाता है ?

(1) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

(2) बहुपक्षीय व्यापार समझौते

(3) आउटसोर्सिंग

(4) शुल्क अवरोध

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

20. Which among the following will ***not*** be ordinarily considered an outcome of globalization ?

(1) Foreign Direct Investment

(2) Multilateral trade agreements

(3) Outsourcing

(4) Tariff barriers

(5) Not attempted

21. छोटानागपुर के पठारी क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग अधिकांशत: संकेन्द्रित हैं ?

(1) उर्वरक उद्योग

(2) ऑटोमोबाइल उद्योग

(3) चीनी उद्योग

(4) लोहा और इस्पात उद्योग

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

21. Which of the following industries has the maximum concentration in the Chhotanagpur Plateau region ?

(1) Fertilizer Industry

(2) Automobile Industry

(3) Sugar Industry

(4) Iron and Steel Industry

(5) Not attempted

22. एक नृत्य मुद्रा में नटराज की कांस्य प्रतिमा का संबंध किससे है ?

(1) काली

(2) नंदी

(3) कृष्ण

(4) शिव

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

22. Nataraja is a bronze sculpture in a dancing position associated with ______.

(1) Kali

(2) Nandi

(3) Krishna

(4) Shiva

(5) Not attempted





www.mseducationtv.com

23. बिल्ट-इन एक्सेप्शन इंपोर्ट एरर कब आता है ?

(1) जब लोकल अथवा ग्लोबल वेरिएबल के नाम की व्याख्या न की गई हो ।

(2) जब इंडेक्स या सब्स्क्रिप्ट अनुक्रम की सीमा से बाहर हो ।

(3) जब पूछे गए मॉड्यूल की व्याख्या न की गई हो ।

(4) जब इनपुट () द्वारा किसी भी डाटा को पढ़े बिना फाइल के अंत (एण्ड ऑफ फाइल) स्थिति पहुँच जाती है ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

24. निम्नलिखित में से कौन-सा एक डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (डी.बी.एम.एस.) ***नहीं*** है ?

(1) मोंगोDB

(2) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल

(3) माइSQL

(4) ऑरैकल

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

25. उस नेटवर्किंग टोपोलॉजी को क्या कहेंगे जहाँ हर एक संवाद उपकरण एक केंद्रीय नोड से जुड़ा होता है ?

(1) मेश टोपोलॉजी

(2) स्टार टोपोलॉजी

(3) बस टोपोलॉजी

(4) रिंग टोपोलॉजी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सैकेंडरी मेमोरी का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(1) मेमोरी कार्ड

(2) रीड ओनली मेमोरी

(3) हार्ड डिस्क ड्राइव (एच.डी.डी.)

(4) सी.डी. रोम

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

23. When is the built-in exception Import Error raised ?

(1) It is raised when a local or global variable name is not defined.

(2) It is raised when the index or subscript in a sequence is out of range.

(3) It is raised when the requested module definition is not found.

(4) It is raised when the end of file condition is reached without reading any data by input ().

(5) Not attempted

24. Which of the following is ***not*** a Database Management System (DBMS) ?

(1) MongoDB

(2) Microsoft Excel

(3) MySQL

(4) Oracle

(5) Not attempted

25. What is the name of the Networking Topology where each communicating device is connected to a central node ?

(1) Mesh Topology

(2) Star Topology

(3) Bus Topology

(4) Ring Topology

(5) Not attempted

26. Which of the following is ***not*** an example of secondary memory ?

(1) Memory Card

(2) Read only memory

(3) Hard Disk Drive (HDD)

(4) CD ROM

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

27. भारत के संविधान का अनुच्छेद 395, जो संविधान का अंतिम अनुच्छेद भी है, निम्नलिखित में से किसके प्रावधान के बारे में बताता है ?

(1) नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019

(2) नए राज्यों का गठन

(3) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 का निरसन

(4) आपात की उद्घोषणा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

28. 'नियति के साथ साक्षात्कार' भारत की आज़ादी का एक प्रसिद्ध भाषण है जिसे भारत की संविधान सभा के निम्नलिखित में से किस सदस्य ने दिया था ?

(1) एस.पी. मुखर्जी

(2) वी.जे. पटेल

(3) जे.एल. नेहरू

(4) बी.आर. अम्बेडकर

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

29. कठोर सतहों जैसे पत्थर अथवा धातु पर उत्कीर्ण लिखाई के अध्ययन को कहते हैं

(1) प्रतिमा-विज्ञान

(2) मुद्रण-कला

(3) सुलेखन

(4) पुरालेखशास्त्र

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

30. 'मतदाता जंक्शन' का संबंध है :

(1) मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाई गई रेडियो शृंखला

(2) मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए एक नए रेलवे स्टेशन का नाम

(3) दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष पोलिंग बूथ

(4) पोस्टल बैलेट को सँभालने हेतु अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

27. also the final (last) Article of the Cons... states the provision related to which of the following ?

(1) Citizenship Amendment Act, 2019

(2) Formation of New States

(3) Repeal of the Indian Independence Act, 1947

(4) Proclamation of Emergency

(5) Not attempted

28. 'A tryst with destiny', is a famous speech illustrative of India's independence made by which of the following members of the Constituent Assembly of India ?

(1) S.P. Mukherjee

(2) V.J. Patel

(3) J.L. Nehru

(4) B.R. Ambedkar

(5) Not attempted

29. The study of writings engraved on hard surfaces such as stone or metal is called ________ .

(1) Iconography

(2) Typography

(3) Calligraphy

(4) Epigraphy

(5) Not attempted

30. 'Matdata Junction' refers to :

(1) radio series produced by Election Commission of India for voter awareness.

(2) name of a new railway station to raise voter awareness.

(3) special polling booth for Divyang voters.

(4) training programme for officials to handle postal ballot.

(5) Not attempted

www.mseducationtv.com

31. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'आनी' प्रत्यय से निर्मित है ?

(1) शिवानी

(2) दर्शनीय

(3) धनी

(4) चायदानी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

32. विराम चिह्न की दृष्टि से निम्नलिखित वाक्यों में से ***अशुद्ध*** वाक्य छाँटिए ।

(1) उसने बताया कि, वे सुबह-सुबह घर छोड़ देंगे ।

(2) अरे-अरे साँप !

(3) काश ! इस नए मेहमान को नज़दीक से देखा जा सकता ।

(4) हम सब जानते हैं कि वह बुद्धिमान भी है और कुशल भी ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

33. 'कैधौं रितुराज काज, अवनि उसाँस लेत,
किधौं यह ग्रीष्म की, भीषण लुआर है ?'
उपर्युक्त काव्यांश किस अलंकार का उदाहरण है ?

(1) संदेह

(2) भ्रांतिमान

(3) श्लेष

(4) रूपक

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

34. दिए गए किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(1) दार

(2) जार

(3) चार

(4) सदाचार

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

35. 'आग' के लिए उपयुक्त पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है :

(1) अनिल

(2) अग्नि

(3) पावक

(4) अनल

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

36. 'उदयाचल' शब्द के लिए सर्वाधिक उपयुक्त वाक्यांश है :

(1) सूर्य जिस पर्वत के पीछे से निकलता है

(2) पर्वत के पास की भूमि

(3) सूर्योदय से पूर्व का समय

(4) सूर्य के अस्त होने का स्थान

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

37. 'पुरुषोत्तम' समस्त पद का विग्रह होगा — 'पुरुषों में उत्तम' । उपर्युक्त समास में तत्पुरुष समास का कौन-सा प्रकार है ?

(1) अपादान तत्पुरुष

(2) अधिकरण तत्पुरुष

(3) सम्बन्ध तत्पुरुष

(4) सम्प्रदान तत्पुरुष

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

38. वर्तनी की दृष्टि से ***अशुद्ध*** शब्द का चयन कीजिए ।

(1) विधिवत्

(2) देहिक

(3) श्रीमती

(4) तब्धप्रतिष्ठ

(5) उत्तर नहीं देना चाहते



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

39. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द क्रिया का प्रेरणार्थक रूप दर्शाता है ?

(1) हकलाना

(2) हकलाहट

(3) बिठाना

(4) बिठलाना

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

40. निम्नलिखित में से किस लोकोक्ति का भावार्थ सुसंगत ***नहीं*** है ?

(1) काला अक्षर भैंस बराबर = निरक्षर

(2) बहती गंगा में हाथ धोना = असंभव कार्य को संभव करना

(3) मन चंगा तो कठौती में गंगा = यदि मन शुद्ध है तो घर में ही तीर्थाटन का फल मिल सकता है

(4) आ बैल मुझे मार = जान-बूझकर विपत्ति में पड़ना

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

41. संयुक्त वाक्य के समानाधिकरण उपवाक्यों में इनमें से किस प्रकार का संबंध ***नहीं*** पाया जाता है ?

(1) विधेयवाचक

(2) विभाजक

(3) संयोजक

(4) परिणामबोधक

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

42. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प तद्भव शब्द का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(1) बरस

(2) भक्त

(3) बरखा

(4) भौंरा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

43. 'मैं आपका ________ हूँ ।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए 'कृतघ्न' का सर्वाधिक उपयुक्त विलोम शब्द चुनिए ।

(1) अकृतज्ञ

(2) कृतज्ञ

(3) समर्थक

(4) शुभचिंतक

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

44. दिए गए वाक्यों के किस विकल्प में कारक चिह्न का सर्वाधिक उपयुक्त प्रयोग हुआ है ?

(1) तितली फूल में रस पी रही है ।

(2) खेतों में हल चल रहे हैं ।

(3) किस डाली में आम लटक रहे हैं ?

(4) बाढ़ के जल से पूरा घर डूब गया है ।

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

45. निम्नलिखित में से कौन-सा संधि का एक प्रकार ***नहीं*** है ?

(1) संवृद्धि संधि

(2) अयादि संधि

(3) दीर्घ संधि

(4) यण् संधि

(5) उत्तर नहीं देना चाहते



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

**46.** Rearrange the following parts of a sentence labelled as PQRS to make a meaningful sentence.

P. leave no regret are

Q. gained over ignorance

R. the only victories which

S. those which are

(1) PQSR

(2) QRSP

(3) SRQP

(4) RPSQ

(5) Not attempted

**47.** Choose the alternative which best expresses the given sentence in Active Voice.

It is being read by us.

(1) We can read it.

(2) We have to read it.

(3) We are reading it.

(4) It will be read by us.

(5) Not attempted

**48.** Read the sentence to find out whether there is any grammatical mistake in it.

Mark the number of the part with error as your answer. If there is 'no error' mark (4).

The scientist was seemed (A) to be excited (B) over the result of his experiment. (C)

(1) B

(2) A

(3) C

(4) No error

(5) Not attempted

*Read the following passage carefully and answer questions 49, 50 and 51.*

Tiger is one of the key wildlife species in the faunal web. In 1973, the authorities realised that the tiger population had dwindled very fast. The major threats to tiger population are numerous such as poaching for trade, shrinking habitat, depletion of prey base species, etc. The trade of tiger skins and the use of their bones in traditional medicines left the tiger population on the verge of extinction. Since India and Nepal provide habitat to about two-thirds of the surviving tiger population in the world, these two nations became prime targets for poaching and illegal trading. "Project Tiger", one of the well-publicised wildlife campaigns in the world, was launched in 1973. In India, Tiger conservation has been viewed not only as an effort to save the endangered species but also as a means of preserving biotype of sizeable magnitude.

**49.** Find out a word from the above passage which is the antonym of 'legal'.

(1) illegal

(2) threat

(3) extinction

(4) faunal

(5) Not attempted

**50.** The skin and bones of tiger are also used ________.

(1) to save tiger from extinction

(2) in preparation of food products

(3) as raw material in small factories

(4) in traditional medicines

(5) Not attempted

**51.** The major threat to tiger populations is ______.

(1) Poaching for trade

(2) Industrialization

(3) Lack of Tiger Reserves

(4) No Government policy

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

52. Which of the phrases given below should replace the phrase underlined in the following sentence to make it grammatically correct ?

"She showed courage in advocating policies which were not common acceptability then."

(1) common in acceptability than
(2) commonly acceptable then
(3) commonly accepted then
(4) then common acceptability
(5) Not attempted

53. Choose the most appropriate preposition to fill in the blank.

Visitors in the garden are prohibited ________ walking on the grass.

(1) for
(2) to
(3) from
(4) with
(5) Not attempted

54. Which one is the correct indirect narration of the following sentence ?

He said, 'Two and three is five.'

(1) He said that two and three was five.
(2) He said that two and three were five.
(3) He said that two and three are five.
(4) He said that two and three is five.
(5) Not attempted

55. Fill in the blank with the most appropriate option given below.

He was advised ________ the seminar without preparation.

(1) not to attended
(2) to not to attend
(3) not to attend
(4) to not attend
(5) Not attempted

56. Choose the alternative which best expresses the meaning of the underlined idiom.

He had a hair-breadth escape from the accident.

(1) fighting
(2) impractical
(3) very safe
(4) narrow
(5) Not attempted

57. Life history of a man written by himself is called ________.

(1) Calligraphy
(2) Bibliography
(3) Biography
(4) Autobiography
(5) Not attempted

58. Select the word that is most similar in meaning to the given word.

Prosaic

(1) Cunning
(2) Patriotic
(3) Uninspiring
(4) Poetic
(5) Not attempted

59. Find out the correctly spelt word.

(1) thesaurus
(2) thesoraus
(3) thasaurus
(4) thisaurus
(5) Not attempted

60. Find out the correctly spelt word.

(1) prettentiousness
(2) pretantiosness
(3) pretantiousness
(4) pretentiousness
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

61. हरियाणा में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की स्थापना कब हुई ?

(1) 1960
(2) 1965
(3) 1979
(4) 1970
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

62. हरियाणा के किस जिले में 'सरस्वती शुगर मिल' स्थित है ?

(1) यमुनानगर
(2) फरीदाबाद
(3) रोहतक
(4) पानीपत
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

63. हरियाणा का राज्य पशु कौन-सा है ?

(1) बाघ
(2) घोड़ा
(3) हाथी
(4) काला हिरण
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

64. किस किले को हरियाणा के मुख्य द्वार के नाम से जाना जाता है ?

(1) कनोद का किला
(2) माहम का किला
(3) गोहाना का किला
(4) बहादुरगढ़ का किला
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

65. हरियाणा ________ के लगभग 300 मील उत्तर में स्थित है ।

(1) ग्रीनविच रेखा
(2) भूमध्य रेखा
(3) कर्क रेखा
(4) मकर रेखा
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

61. When was the State Council of Educational Research and Training established in Haryana ?

(1) 1960
(2) 1965
(3) 1979
(4) 1970
(5) Not attempted

62. 'Saraswati Sugar Mill' is situated in which district of Haryana ?

(1) Yamunanagar
(2) Faridabad
(3) Rohtak
(4) Panipat
(5) Not attempted

63. Which is the state animal of Haryana ?

(1) Tiger
(2) Horse
(3) Elephant
(4) Black Buck
(5) Not attempted

64. Which fort is known as the Gateway of Haryana ?

(1) Kanod Fort
(2) Maham Fort
(3) Gohana Fort
(4) Bahadurgarh Fort
(5) Not attempted

65. Haryana is located around 300 miles North of the ________ .

(1) Greenwich line
(2) Equator
(3) Tropic of Cancer
(4) Tropic of Capricorn
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

66. हरियाणा में होम रूल आंदोलन के प्रचार का श्रेय जाता है :

(1) राम किशोर

(2) ठाकुर राम सिंह

(3) लाला मुरलीधर

(4) पं. नेकीराम शर्मा

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

67. निम्नलिखित में से किसे हरियाणा का ताज महल कहा जाता है ?

(1) शेख चिल्ली का मक़बरा

(2) इब्राहिम सूरी का मक़बरा

(3) शीश महल

(4) जल महल

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

68. निम्नलिखित में से किस लोक नृत्य रूप का निष्पादन पुरुषों द्वारा ***नहीं*** किया जाता ?

(1) डमरू

(2) चौपाइयाँ

(3) लूर

(4) डाफ

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

69. पंडित लखमी चंद का जन्म हरियाणा के निम्नलिखित में से किस गाँव में हुआ था ?

(1) जंतीकलां

(2) सीही

(3) मोखरा

(4) नाहरी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

70. हाँसी में स्थित तथा पृथ्वीराज चौहान द्वारा बनवाए गए असीगढ़ के किले का निर्माण किस सदी में हुआ ?

(1) 14वीं सदी

(2) 17वीं सदी

(3) 12वीं सदी

(4) 15वीं सदी

(5) उत्तर नहीं देना चाहते

66. The credit for propagating the Home Rule Movement in Haryana goes to :

(1) Ram Kishore

(2) Thakur Ram Singh

(3) Lala Murlidhar

(4) Pt. Nekiram Sharma

(5) Not attempted

67. Which of the following is known as the Taj Mahal of Haryana ?

(1) Sheikh Chilli's Tomb

(2) Ibrahim Suri's Tomb

(3) Sheesh Mahal

(4) Jal Mahal

(5) Not attempted

68. Which among the following folk dance forms is ***not*** performed by men ?

(1) Damru

(2) Chaupaiyan

(3) Loor

(4) Daph

(5) Not attempted

69. Pt. Lakhmi Chand was born in which of the following village of Haryana ?

(1) Jantikalan

(2) Sihi

(3) Mokhra

(4) Nahri

(5) Not attempted

70. The fort of Asigarh situated in Hansi was built by Prithviraj Chauhan in which century ?

(1) $14^{th}$ century

(2) $17^{th}$ century

(3) $12^{th}$ century

(4) $15^{th}$ century

(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

71. हरियाणा के किस जिले में साक्षरता दर सबसे अधिक है ?

(1) पंचकुला
(2) कैथल
(3) रोहतक
(4) गुरुग्राम
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

72. 31 दिसम्बर, 2017 के दिन हरियाणा में प्रारंभ की गई BBY योजना का विस्तृत रूप क्या है ?

(1) भावंतर भरपाई योजना
(2) भारतीय बीमा योजना
(3) बागवानी बीमा योजना
(4) बिजली बचाओ योजना
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

73. हरियाणा में किस वर्ष प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना का शुभारंभ हुआ ?

(1) 2014
(2) 2015
(3) 2011
(4) 2013
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

74. हरियाणा में प्रति व्यक्ति बिजली की खपत वर्ष 2020 – 21 तक बढ़कर कितनी हो गई है ?

(1) 1200·45 यूनिट
(2) 1540·45 यूनिट
(3) 1000 यूनिट
(4) 1805·45 यूनिट
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

75. हरियाणा राज्य बजट के वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में कुल बजट का कितना प्रतिशत पुलिस क्षेत्र में व्यय के लिए निर्धारित किया गया है ?

(1) 6·2%
(2) 2·1%
(3) 4·6%
(4) 4·3%
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

71. Which district in Haryana has the highest literacy rate ?

(1) Panchkula
(2) Kaithal
(3) Rohtak
(4) Gurugram
(5) Not attempted

72. What is the full form of BBY scheme launched on December 31, 2017 in Haryana ?

(1) Bhavantar Bharpayee Yojana
(2) Bharatiya Bima Yojana
(3) Bagwani Bima Yojana
(4) Bijali Bachao Yojana
(5) Not attempted

73. In which year was the Direct Benefit Transfer (DBT) Scheme launched in Haryana ?

(1) 2014
(2) 2015
(3) 2011
(4) 2013
(5) Not attempted

74. What is the increased per capita consumption of electricity in the year 2020 – 21 in Haryana ?

(1) 1200·45 units
(2) 1540·45 units
(3) 1000 units
(4) 1805·45 units
(5) Not attempted

75. What is the percentage of total expenditure allocated towards Police in Haryana State Budget for the financial year 2022 – 23 ?

(1) 6·2%
(2) 2·1%
(3) 4·6%
(4) 4·3%
(5) Not attempted



www.mseducationtv.com

76. रोहतक का शोरी बाज़ार हरियाणा का सबसे बड़ा ______ बाज़ार है।
(1) ऑटो स्पेयर पार्ट्स
(2) लकड़ी
(3) कपड़ा
(4) अनाज
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

77. 1958 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक लाने वाले पहले कुश्तीबाज़ कौन हैं ?
(1) मास्टर चंदगी राम
(2) लीला राम सांग्वान
(3) सज्जन सिंह
(4) पहलवान उदयचंद
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

78. निम्नलिखित में से हरियाणा के किस व्यक्तित्व को विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में 2022 का 'पद्म श्री' सम्मान प्रदान किया गया ?
(1) मोती लाल मदान
(2) रघुवेंद्र तंवर
(3) सुमित अंतिल
(4) ओम प्रकाश गाँधी
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

79. हरियाणा में रानी लक्ष्मी बाई अवार्ड किस क्षेत्र में दिया जाता है ?
(1) विज्ञान
(2) सामाजिक कार्य
(3) साहित्य
(4) खेल
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

80. भैंस की किस प्रजाति को 'ब्लैक गोल्ड ऑफ हरियाणा' कहा जाता है ?
(1) मेहसाना
(2) मुर्रा
(3) भदवारी
(4) नीति-रवि
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

76. Shori Bazar in Rohtak is Haryana's largest ______ market.
(1) Auto Spare Parts
(2) Wood
(3) Cloth
(4) Grain
(5) Not attempted

77. Who is the first wrestler to win a Gold Medal in Commonwealth Games in 1958 ?
(1) Master Chandgi Ram
(2) Lila Ram Sangwan
(3) Sajjan Singh
(4) Pahalwan Udaychand
(5) Not attempted

78. Which of the following personalities from Haryana received the Padma Shri in 2022 in the field of Science and Engineering ?
(1) Moti Lal Madan
(2) Raghuvendra Tanwar
(3) Sumit Antil
(4) Om Prakash Gandhi
(5) Not attempted

79. Rani Lakshmi Bai Award in Haryana is awarded in which area ?
(1) Science
(2) Social Work
(3) Literature
(4) Sports
(5) Not attempted

80. Which breed of buffalo is called the 'Black Gold of Haryana' ?
(1) Mehsana
(2) Murrah
(3) Bhadwari
(4) Niti-Ravi
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

81. 1913 में पंजाब उच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त पहले भारतीय कौन थे ?

(1) गोपाल सिंह
(2) आलोक सिंह
(3) सर छोटू राम
(4) डॉ. सरूप सिंह
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

81. Who was the first Indian to be appointed as the first Chief Justice of the Punjab High Court in 1913 ?

(1) Gopal Singh
(2) Alok Singh
(3) Sir Chhotu Ram
(4) Dr. Sarup Singh
(5) Not attempted

82. हरियाणा राज्य के पहले वित्त आयोग का गठन कब हुआ ?

(1) 26 अप्रैल, 1994
(2) 15 अक्टूबर, 1994
(3) 2 जून, 1994
(4) 31 मई, 1994
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

82. When was the first Haryana State Finance Commission formed ?

(1) $26^{th}$ April, 1994
(2) $15^{th}$ October, 1994
(3) $2^{nd}$ June, 1994
(4) $31^{st}$ May, 1994
(5) Not attempted

83. एम.के. गाँधी को पलवल रेलवे स्टेशन से किस दिन गिरफ़्तार किया गया, जब वे रॉलेट ऐक्ट का विरोध करने पंजाब जा रहे थे ?

(1) 10 अप्रैल, 1919
(2) 10 अप्रैल, 1918
(3) 10 अप्रैल, 1915
(4) 10 अप्रैल, 1917
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

83. M.K. Gandhi was arrested on which date from Palwal railway station while going to Punjab to protest against the Rowlatt Act ?

(1) $10^{th}$ April, 1919
(2) $10^{th}$ April, 1918
(3) $10^{th}$ April, 1915
(4) $10^{th}$ April, 1917
(5) Not attempted

84. हरियाणा के जिले महेन्द्रगढ़ का प्राचीन नाम क्या है ?

(1) कानौड
(2) सत्येवपुरम
(3) कपिस्थल
(4) साइरशैक
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

84. What is the ancient name of district Mahendragarh in Haryana ?

(1) Kanoud
(2) Satyevpuram
(3) Kapisthal
(4) Sairishaka
(5) Not attempted

85. शिवालिक की पहाड़ियाँ हरियाणा के किस जिले में ***नहीं*** पाई जाती हैं ?

(1) यमुनानगर
(2) सिरसा
(3) पंचकुला
(4) अंबाला
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

85. The Shivalik Hills are ***not*** found in which district of Haryana ?

(1) Yamunanagar
(2) Sirsa
(3) Panchkula
(4) Ambala
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

86. तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए हैं । सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न होते हुए भी कथनों को सत्य मानते हुए यह निर्णय कीजिए कि तार्किक रूप से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से निकलता/निकलते हैं ।

*कथन :* कुछ सेब अंगूर हैं ।

सभी अंगूर केले हैं ।

कुछ आलूबुखारे अंगूर हैं ।

*निष्कर्ष :* (I) कुछ केले आलूबुखारे हैं ।

(II) कुछ सेब केले हैं ।

(III) सभी केले अंगूर हैं ।

(1) केवल III निकलता है
(2) केवल I और III निकलते हैं
(3) केवल I और II निकलते हैं
(4) केवल II निकलता है
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

87. इस प्रतिमान में 'α' का मान क्या है ?

X α L = 2

P α H = 2

L α F = 2

(1) ×
(2) –
(3) +
(4) ÷
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

88. P, Q, R, S, T पिकनिक पर गए । 'P' 'Q' का पुत्र है, किंतु 'Q' 'P' का पिता नहीं है । 'R' 'S' का पुत्र है जो 'P' का भाई है । 'T', 'S' की पत्नी है ।

'P' का 'R' से क्या संबंध है ?

(1) चाचा
(2) पिता
(3) भतीजा
(4) भाई
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

86. Three statements are followed by three conclusions. Take the statements to be true even if they seem to be at variance from the commonly known facts. Decide which of the given conclusions logically follow(s) from the given statements.

*Statements :* Some apples are grapes.

All grapes are bananas.

Some plums are grapes.

*Conclusions :* (I) Some bananas are plums.

(II) Some apples are bananas.

(III) All bananas are grapes.

(1) Only III follows
(2) Only I and III follow
(3) Only I and II follow
(4) Only II follows
(5) Not attempted

87. What is the value of 'α' in this pattern ?

X α L = 2

P α H = 2

L α F = 2

(1) ×
(2) –
(3) +
(4) ÷
(5) Not attempted

88. P, Q, R, S, T went on a picnic. 'P' is the son of 'Q'. But 'Q' is not the father of 'P'. 'R' is the son of 'S', who is the brother of 'P'. 'T' is the wife of 'S'.

How is 'P' related to 'R' ?

(1) Uncle
(2) Father
(3) Nephew
(4) Brother
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

89. किसी एक कूट भाषा में XYZA को 1234 और EFGH को 78910 के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में AXGE को कैसे लिखा जाएगा ?

(1) 4917
(2) 4217
(3) 4197
(4) 4179
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

90. तीन सहेलियाँ अमिता, बबीता और चंचल एक रेस्तराँ में गईं। जब बिल मिला तो अमिता ने बबीता द्वारा दी गई राशि का $\frac{3}{5}$ दिया और बबीता ने चंचल द्वारा दी गई राशि का $\frac{1}{2}$ दिया। यदि ₹ 360 के बिल का भुगतान किया गया है, तो बबीता ने कितनी राशि का भुगतान किया है ?

(1) ₹ 200
(2) ₹ 60
(3) ₹ 180
(4) ₹ 100
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

91. नीचे दिए गए शब्द के वर्णों का प्रयोग करके बनाए ***ना*** जा सकने वाले शब्द को ज्ञात कीजिए :

VERIFIED

(1) FRIED
(2) FRIEND
(3) DEFER
(4) DRIVE
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

92. किसी एक कूट भाषा में DFGHJ को FHIJL के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में AUDIT को किस प्रकार लिखा जाएगा ?

(1) CWFIU
(2) CWPJV
(3) CWEJV
(4) CWFKV
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

89. In a certain code language XYZA is written as 1234 and EFGH as 78910. How is AXGE written in that code language ?

(1) 4917
(2) 4217
(3) 4197
(4) 4179
(5) Not attempted

90. Three friends Amita, Babita and Chanchal went to a restaurant. When the bill was received, Amita paid $\frac{3}{5}$ as much as Babita paid and Babita paid $\frac{1}{2}$ as much as Chanchal paid. If the bill paid is ₹ 360, then what is the amount paid by Babita ?

(1) ₹ 200
(2) ₹ 60
(3) ₹ 180
(4) ₹ 100
(5) Not attempted

91. Find out the word which ***cannot*** be formed by using the letters of the given word :

VERIFIED

(1) FRIED
(2) FRIEND
(3) DEFER
(4) DRIVE
(5) Not attempted

92. In a certain code language DFGHJ is written as FHIJL. How is AUDIT written in that code language ?

(1) CWFIU
(2) CWPJV
(3) CWEJV
(4) CWFKV
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

52

www.mseducationtv.com

93. ऐसे संख्या संयोजन का चयन कीजिए जिसके अनुसार अक्षरों को व्यवस्थित किए जाने से एक सार्थक शब्द बनाया जा सके :

| I | L | B | O | E | M |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

(1) 3, 4, 6, 2, 1, 5
(2) 6, 4, 3, 2, 5, 1
(3) 3, 4, 5, 6, 2, 1
(4) 6, 4, 3, 1, 2, 5
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

94. निम्नलिखित में से भिन्न पद कौन-सा है ?
(1) हिन्द महासागर
(2) अरब सागर
(3) बंगाल की खाड़ी
(4) प्रशान्त महासागर
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

95. ऐसे सही विकल्प का चयन कीजिए जिसमें शब्द उसी प्रकार से संबंधित हों जैसे कि नीचे शब्द-युग्म में दिए गए हैं :

गायक : गायकदल

(1) कलाकार – चित्र बनाना
(2) लुटेरे – लूट
(3) पुष्प – गुलदस्ता
(4) संगीतज्ञ – गाना
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

96. ऐसे सही विकल्प का चयन कीजिए जो नीचे दिए हुए के समान हो :

11 : 120 : : 25 : ?

(1) 224
(2) 624
(3) 250
(4) 125
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

93. Select the combination of numbers so that the letters arranged accordingly will form a meaningful word :

| I | L | B | O | E | M |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

(1) 3, 4, 6, 2, 1, 5
(2) 6, 4, 3, 2, 5, 1
(3) 3, 4, 5, 6, 2, 1
(4) 6, 4, 3, 1, 2, 5
(5) Not attempted

94. Find the odd one out.
(1) Indian Ocean
(2) Arabian Sea
(3) Bay of Bengal
(4) Pacific Ocean
(5) Not attempted

95. Choose the correct option in which the words are related in the same way as in the given pair of words :

Singer : Chorus

(1) Artist – Paint
(2) Robbers – Loot
(3) Flowers – Bouquet
(4) Musicians – Song
(5) Not attempted

96. Choose the correct option, which is related as given :

11 : 120 : : 25 : ?

(1) 224
(2) 624
(3) 250
(4) 125
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com

97. A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार आकृति में केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं । 'D', 'B' के निकटस्थ दायीं ओर बैठा है और 'B', 'F' का निकटस्थ पड़ोसी नहीं है । 'C', 'A' और 'D' के बीच बैठा है । 'F' के पड़ोसी कौन हैं ?

(1) A और B
(2) C और D
(3) B और D
(4) A और E
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

97. A, B, C, D, E and F are sitting in a circle facing the centre. 'D' is on the immediate right of 'B' and 'B' is not the immediate neighbour of 'F'. 'C' is between 'A' and 'D'. Who are the neighbours of 'F' ?

(1) A and B
(2) C and D
(3) B and D
(4) A and E
(5) Not attempted

98. आपके द्वारा कार्यस्थल पर किए गए परिश्रम का श्रेय आपके एक सहयोगी, जो आपका अच्छा मित्र भी है, ने ले लिया । आप क्या करेंगे ?

(1) परिश्रम करना जारी रखेंगे, क्योंकि परिश्रम का परिणाम सदैव अच्छा होता है ।
(2) अपने कार्य की स्वयं प्रशंसा करने लगेंगे ।
(3) नौकरी छोड़ देंगे ।
(4) अन्य सहयोगियों के सामने उसकी आलोचना करेंगे ।
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

98. All the hard work done by you at your workplace is hijacked by one of your colleagues, who is a good friend of yours. You will :

(1) continue hard work as hard work always pays.
(2) start praising about your work yourself.
(3) leave the job.
(4) criticise him in front of other colleagues.
(5) Not attempted

99. इस शृंखला में p का मान ज्ञात कीजिए :

$$1, \frac{1}{3}, \frac{1}{9}, p, \frac{1}{81}, \frac{1}{243}$$

(1) $\frac{1}{29}$
(2) $\frac{1}{39}$
(3) $\frac{1}{27}$
(4) $\frac{1}{21}$
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

99. Find the value of p in the series :

$$1, \frac{1}{3}, \frac{1}{9}, p, \frac{1}{81}, \frac{1}{243}$$

(1) $\frac{1}{29}$
(2) $\frac{1}{39}$
(3) $\frac{1}{27}$
(4) $\frac{1}{21}$
(5) Not attempted

100. नीचे दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या का चयन कीजिए जिससे संख्या शृंखला पूरी हो सके :

55, 56, 58, 61, 65, __

(1) 71
(2) 72
(3) 70
(4) 69
(5) उत्तर नहीं देना चाहते

100. Choose the missing number from the given options that will complete the number series :

55, 56, 58, 61, 65, __

(1) 71
(2) 72
(3) 70
(4) 69
(5) Not attempted



रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

www.mseducationtv.com